भारत सरकार

सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 964

उत्तर देने की तारीख : 27.06.2019

एमएसएमई की स्थापना

964. श्री रामप्रीत मंडलः
श्री धर्मवीर सिंहः

क्या सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या गत तीन वर्षों के दौरान देश में विशेषरूप से मुद्रा योजना के अंतर्गत सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) की स्थापना की गई है;

(ख) यदि हां, तो वर्ष 2016-17, 2017-18 एवं 2018-19 के दौरान देश में स्थापित की गई ऐसी उक्त इकाइयों की राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार कुल संख्या कितनी है;

(ग) उक्त अवधि के प्रत्येक वर्ष के दौरान उक्त इकाइयों द्वारा कुल कितनी राशि का कारोबार किया गया; और

(घ) एमएसएमई की स्थापना हेतु केंद्र सरकार द्वारा हरियाणा सरकार को कुल कितनी राशि राजसहायता के रूप में जारी की गई है?

उत्तर

सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्री

(श्री नितिन गडकरी)

(क) से (ग) : मुद्रा योजना के तहत सूक्ष्म इकाइयों को गैर कृषि, आय सृजन गतिविधियों में 10 लाख रूपए तक के ऋण प्रदान किए जाते है। मुद्रा पोर्टल पर सूचना के अनुसार पिछले तीन वर्षो में योजना के तहत ऋण खातों और स्वीकृत राशि का विवरण निम्न तालिका में दिया गया है:

श्रेणी	2016-17		2017-18		2018-19	
	खातों की संख्या	स्वीकृत राशि	खातों की संख्या	स्वीकृत राशि	खातों की संख्या	स्वीकृत राशि
	(लाख)	(रू. करोड़ में)	(लाख)	(रू. करोड़ में)	(लाख)	(रू. करोड़ में)
शिशु	364.98	85,100.74	426.69	1,06,001.60	515.07	1,42,345.25
किशोर	26.64	53,545.14	46.53	86,732.16	66.06	1,04,386.68
तरूण	5.39	41,882.66	8.06	60,943.34	17.58	74,990.86
कुल	397.01	1,80,528.54	481.28	2,53,677.1	598.71	3,21,722.79

(घ) : प्रधान मंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के तहत एमएसएमई इकाईयों की स्थापना के लिए हरियाणा को 2018-19 में 4664.1 लाख रू. की मार्जिन मनी सब्सिडी दी गई है।

*****